समाचार

राजस्व मंत्री बुधवार को करेंगे अशोक वाटिका विकास कार्य का भूमिपूजन

कोरबा 06 जून 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल बुधवार 08 जून को सायं 05 बजे सी.एस.ई.बी.चौक से स्टेडियम की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित अशोक वाटिका के विकास कार्य का भूमिपूजन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा की जाएगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण तथा अन्य वरिष्ठ नागरिकगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।